an>

Title: Need to set up a Passport Office at Bharatpur, Rajasthan.

श्री बहादुर सिंह कोली (भरतपुर)ः भरतपुर संभाग मुख्यालय केन्द्र है। इस संभाग के अंतर्गत धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर जिले आते हैं। इस क्षेत्र के लोगों को बहुत बड़ी संख्या में विदेश आना-जाना रहता है लेकिन पासपोर्ट बनवाने के लिए जयपुर जाना पड़ता है जो भरतपुर से 200 कि.मी. व धौलपुर से 300 कि.मी. दूर है जिसके कारण आने-जाने में बहुत परेशानी होती है एवं खर्चा भी अधिक होता है जबकि राजस्थान प्रदेश के अन्य संभाग जैसे अजमेर, जोधपुर, उदयपुर में पासपोर्ट कार्यालय खोल दिये गये हैं। भरतपुर भी संभाग मुख्यालय है। अतः मैं सरकार से भरतपुर में पासपोर्ट कार्यालय खोले जाने की मांग करता हूँ। जिससे इस क्षेत्र की जनता को लाभ मिल सके।